an>

Title: Need to decongest Ormanjhi crossing on National Highway in Ranchi Parliamentary Constituency of Jharkhand.

श्री राम टहल चौधरी (राँची) : महोदया, मैं शून्य काल के माध्यम से सरकार का ध्यान अपने संसदीय क्षेत्र रांची में स्थित उरमांझी ब्लॉक चौराहे पर खराब यातायात व्यवस्था की तरफ दिलाना चाहता हूँ। यह उरमांझी ब्लॉक चौहराहा पटना-रांची राÂष्ट्रीय राजमार्ग एवं हजारीबाग राष्ट्रीय मार्ग पर स्थित है। इस चौराहे से रोजना रांची के प्राथमिक से ले कर महाविद्यालय के सात-आठ हजार विद्यार्थी एक से दूसरी तरफ आवागमन करते हैं। छात्रों को इस व्यस्त चौराहे से हो कर गुजरना पड़ता है। तेज वाहनों की चपेट में कई छात्र-छात्राओं की दुर्घटना हो गई है एवं कई छात्रों की मौंत भी हो गई है। इस चौराहे से लाखों की संख्या में वाहन हजारीबाग-बोकारो-धनबाद-पटना आदि रोजाना निकलते हैं, जो तेज गति से इस चौराहे को पार करते हैं। इस राÂष्ट्रीय राजमार्ग पर यातायात के समुचित रूप से संचालत के लिए कई पत्र राष्ट्रीय राजमाग प्राधिकरण को भेज चुका हूँ, परंतु अधिकारियों ने इस संबंध में आज-तक कुछ नहीं किया है। समय के साथ इस चौराहे का यातायात बड़ी तेजी के साथ बढ़ रहा है। सदन के माध्यम से मैं सरकार से अनुरोध करता हूँ कि मेंरे संसदीय क्षेत्र रांची के उरमांझी ब्लॉक चौराहे पर छात्रों का जीवन सुरक्षित करने एवं बढ़ते यातायात को सुचारू रूप से धीरे से चलाने हेतु आदेश दिए जाएं। इसके लिए तत्काल स्पीड ब्रेकर लगाया जाए।

माननीय अध्यक्ष : श्री भैंरों प्रसाद मिश्र को श्री राम टहल चौधरी द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।